# बिहार सरकार
# आपदा प्रबंधन विभाग

## बाढ़ 2025 : प्रेस विज्ञप्ति
**(11 अगस्त 2025)**

**समयः अपराह्न 06:00 बजे**

1. **वर्षापात : बिहार मौसम सेवा केन्द्र, पटना** से प्राप्त रिर्पोट के अनुसार राज्य में इस वर्ष **जून माह** में सामान्य वर्षापात से **25 % कम, जुलाई माह** में सामान्य वर्षापात से **33 % कम** वर्षा हुई है। जबकि **अगस्त माह** में अबतक सामान्य वर्षापात से **97 % अधिक** वर्षापात दर्ज किया गया है।

   **01 जून से 11 अगस्त** की अवधि में पूरे राज्य में **515.7 मि0मी0** वर्षापात दर्ज किया गया है जो इस अवधि में सामान्य वर्षापात से **12 % कम** है।

2. **नदियों का जलस्तर :–** केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त सूचना के अनुसार **गंडक नदी** डुमरिया घाट में, **कोसी नदी** बलतारा एवं कुर्सेला में, **बागमती नदी** बेनीबाद में, **बूढ़ी गंडक नदी** खगड़िया में, **कमला बलान** झंझारपुर में, **गंगा नदी** कहलगांव, भागलपुर, दीघा, गाँधी घाट, हाथीदह, मुंगेर, **पुनपुन नदी** श्रीपालपुर में एवं **घाघरा नदी** दरौली एवं गंगपुर सिसवन में **खतरे के निशान से ऊपर** बह रही है।

3. **गंडक एवं कोसी नदियों का जलस्राव :**

   (क) **गंडक नदी (बाल्मीकिनगर बराज) :– दिनांक 11.08.2025 को अपराह्न 04:00 बजे** गंडक बराज पर नदी का जलस्राव **1,14,000** क्यूसेक दर्ज किया गया एवं इसकी प्रवृत्ति **स्थिर** है।

   (ख) **कोसी नदी (वीरपुर बराज) :– दिनांक 11.08.2025 को अपराह्न 04:00 बजे** कोसी बराज पर नदी का जलस्राव **1,74,495** क्यूसेक दर्ज किया गया एवं इसकी प्रवृत्ति **बढ़ने** की है।

4. **बाढ़ की स्थिति :** विभिन्न नदियों के जलस्तर में हुई वृद्धि के कारण राज्य के **10** जिलों, **(यथा वैशाली, भोजपुर, पटना, लखीसराय, भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय, सारण, खगड़िया एवं सुपौल)** के **46** प्रखण्डों में **269** ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत लगभग **17.62** लाख जनसंख्या बाढ़ से प्रभावित हुई है।

5. बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों के लिए विभिन्न जिलों में कुल **321** सामुदायिक रसोई केन्द्र का संचालन किया जा रहा है एवं प्रतिदिन लगभग **3.71 लाख** लोगों **(थाली की संख्या)** को भोजन कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त **02** राहत शिविर का भी संचालन किया जा रहा हैं जहाँ लगभग **1306 बाढ़ शारणार्थियों** के लिए आवासन, भोजन, चिकित्सा इत्यादि की व्यवस्था की गई है।

6. बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच अबतक लगभग **54200** पॉलीथीन शीट एवं लगभग **10650** ड्राई राशन पैकेट का वितरण किया गया है। आबादी निष्क्रमण एवं आवागमन को सुगम बनाने हेतु कुल **1166** नावों का परिचालन कराया जा रहा है।

7. **एन०डी०आर०एफ० एवं एस०डी०आर०एफ०** :– संभावित बाढ़ के दृष्टिगत त्वरित गति से राहत एवं बचाव कार्य हेतु **एस०डी०आर०एफ० की 22 एवं एन०डी०आर०एफ० की 10 टीमों** को विभिन्न जिलों में प्रतिनियुक्त किया गया है।

8. **वर्षापात का पूर्वानुमान :– बिहार मौसम सेवा केन्द्र के द्वारा अगले 02 दिनों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर (64 मि0मी0 तक) वर्षा एवं 12 और 13 अगस्त 2025 के बीच पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, अररिया, सुपौल और किशनगंज जिलों के भागों में भारी से अति भारी वर्षा होने की संभवाना व्यक्त की गई है।**

**स्थिति पर सतत् निगरानी रखी जा रही है।**

# बाढ़ 2025 : दैनिक प्रतिवेदन

## (दिनांक 11.08.2025 को बाढ़ की स्थिति)

दिनांक:11.08.2025
समय: 05:30 बजे अपराह्न

| क्र0 | जिला का नाम | प्रभावित प्रखण्डों की संख्या | प्रभावित पंचायतों की संख्या | प्रभावित गाँवों की संख्या | अनुमानित प्रभावित जनसंख्या | कुल निष्क्रमित आबादी | आज संचालित बाढ़ राहत शिविरों की संख्या | राहत केन्द्र में शरणार्थियों की कुल संख्या | आज संचालित सामुदायिक रसोई की संख्या | आज भोजन करने वालों की संख्या | अबतक भोजन करने वालों की संख्या | परिचालित नावों की संख्या | अबतक वितरित ड्राई राशन पैकेट की संख्या | अबतक वितरित पॉलीथीन शीट की संख्या | एस0 डी0 आर0 एफ0 | एन0 डी0 आर0 एफ0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वैशाली | 5 | 24 | 76 | 228000 | 0 | 0 | 0 | 16 | 9910 | 83789 | 180 | 800 | 7703 | 1 | |
| 2 | भोजपुर | 3 | 43 | 168 | 255926 | 3248 | 0 | 0 | 7 | 10488 | 80693 | 268 | 1000 | 5058 | 1 | |
| 3 | पटना | 6 | 19 | 78 | 100858 | 1306 | 2 | 1306 | 12 | 12197 | 39116 | 103 | 6422 | 6658 | 1 | 1 |
| 4 | लखीसराय | 2 | 4 | 11 | 11600 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 23 | 0 | 0 | | |
| 5 | भागलपुर | 11 | 75 | 343 | 416801 | 28608 | 0 | 0 | 141 | 224652 | 313618 | 94 | 0 | 5350 | 1 | 4 |
| 6 | मुंगेर | 5 | 32 | 218 | 250700 | 0 | 0 | 0 | 32 | 54566 | 115516 | 91 | 0 | 8485 | 1 | |
| 7 | बेगूसराय | 8 | 34 | 187 | 315596 | 0 | 0 | 0 | 83 | 40967 | 46846 | 227 | 0 | 6205 | 1 | |
| 8 | सारण | 1 | 18 | 0 | 42170 | 0 | 0 | 0 | 1 | 745 | 1185 | 75 | 930 | 2851 | 1 | |
| 9 | खगड़िया | 4 | 19 | 62 | 140373 | 0 | 0 | 0 | 28 | 16571 | 16571 | 105 | 1500 | 11825 | 1 | |
| 10 | सुपौल | 1 | 1 | 1 | 350 | 0 | 0 | 0 | 1 | 618 | 618 | 0 | 0 | 80 | | 1 |
| | **कुल** | **46** | **269** | **1144** | **1762374** | **33162** | **2** | **1306** | **321** | **370714** | **697952** | **1166** | **10652** | **54215** | **8** | **6** |